<u>प्रपत्र–4</u>

**<u>परियोजना का नाम</u>**– नगर पंचायत बनबसा एंव नगर पालिका परिषद टनकपुर के कूड़ा निस्तारण हेतु बनबसा में ट्रंचिंग ग्राउण्ड का निर्माण।

## <u>संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट (प्रमाण–पत्र)।</u>

प्रमाणित किया जाता है कि आज दिनांक **16.08.2017** को प्रश्नगत परियोजना के लिये वन भूमि प्रत्यावर्तन प्रस्ताव तैयार करने हेतु संयुक्त निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री वीरेन्द्र सिंह बिष्ट, वन क्षेत्राधिकारी खटीमा, राजस्व विभाग की ओर से श्री वीरेन्द्र लाल, राजस्व निरीक्षक, प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री जयवीर सिंह राठी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बनबसा (चम्पावत) एंव श्री लक्ष्मण सिंह बोहरा, अवर अभियन्ता नगर पालिका परिषद टनकपुर (चम्पावत) द्वारा संयुक्त निरीक्षण में भाग लिया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय पाया गया कि उपरोक्त प्रयोजन हेतु निम्नानुसार वन भूमि/नाप भूमि प्रभावित हो रही है।

आरक्षित वन भूमि **0.80 है0**, सिविल एवं सोयम वन भूमि शून्य है0, वन पंचायत भूमि शून्य है0 एवं नाप भूमि शून्य है0 प्रभावित हो रही है। परियोजना के निर्माण हेतु आवेदित वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नहीं है तथा आवेदित वन भूमि की मांग न्यूनतम है। परियोजना के निर्माण हेतु प्रस्तावक विभाग द्वारा सुझाये गये अन्य विकल्पों पर भी विचार किया गया व वर्तमान विकल्प / संरेखण को सर्वदा उपयुक्त पाया गया। प्रश्नगत कार्य जनहित में किया जाना है व इस परियोजना के निर्माण से सम्पूर्ण बनबसा एंव टनकपुर नगर लाभाविन्त होगें।

आवेदित वन भूमि में वृक्ष विहीन है तथा उक्त परियोजना के निर्माण में किसी भी वृक्ष का पातन नहीं किया जाना है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बनबसा
जनपद चम्पावत
प्रस्तावक एजेन्सी

राजस्व विभाग प्रतिनिधि
प्रदीप जुकरिया
लेखपाल टनकपुर

तहसीलदार
तहसील पूर्णागिरि (टनकपुर)
जनपद-चम्पावत

राजि अधिकारी
वन क्षेत्राधिकारी
खटीमा
तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी

प्रति हस्ताक्षरित
जिलाधिकारी

प्रति हस्ताक्षरित
उपप्रभागीय
उपजिलाधिकारी
पूर्णागिरि (टनकपुर)

प्रति हस्ताक्षरित
प्रभागीय वनाधिकारी

प्रभागीय वनाधिकारी
तराई पूर्वी वन प्रभाग
हल्द्वानी.

जिलाधिकारी
चम्पावत